Regarding construction of Ring Road on NH-35 Bundelkhand Expressway

श्रीमती कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल (बांदा) : माननीय सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र ग्राम बघौड़ा से सपहा, कसहाई होकर बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे तक रिंग रोड निर्माण की स्वीकृति दी जा चुकी है । लेकिन, अभी तक जमीनी अधिग्रहण का कार्य नहीं हो पा रहा है । प्रगति बहुत धीमी चल रही है ।

सभापति महोदय, एनएच 35 से सपहा, कसहाई होकर बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे तक प्रस्तावित रिंग रोड का कार्य जल्द से जल्द कराने का कष्ट करें ।

महोदय, मेरे बबेरू नगर में जाम की भी बहुत समस्या रहती है । अत: बबेरू नगर की समस्या के समाधान हेतु रिंग रोड अथवा बाईपास मार्ग का निर्माण अत्यंत आवश्यक है ।

मेरे बबेरू नगर क्षेत्र में रोडवेज की एक और समस्या है । बबेरू नगर में बस स्टॉप का कार्य दस सालों से चल रहा है, परंतु पूरा नहीं हो पा रहा है । अत: जल्द से जल्द इसका कार्य पूर्ण कराया जाए ।

आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

HON. CHAIRPERSON: There are more than 50 Members of Parliament who want to raise matters of public importance in the ?Zero Hour?. If you kindly cooperate and take only one minute for each Member, we can accommodate more Members of Parliament.